# सांसद डॉ. वानखेड़े के ताशकंद में भारत के प्रतिनिधित्व करने पर मध्यप्रदेश में बजी तालियां

सतीश पाठक, सागर

जिंदगी में कितने ही कठिन उतार चढ़ाव आए यदि आगे बढ़ाने की ललक है तो रोकने वाला कोई नहीं... संघर्ष से सफलता की कहानी लिखने वाले विरले होते हैं। उनमें से सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े एक है।

लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई पंच से पार्लियामेंट तक का सफर करने वाली श्रीमती वानखेड़े सत्ता और संगठन में तालमेल आज बुंदेलखंड नहीं; प्रदेश की राजनीति में चमकता सितारा है।

मेहनत से कामयाबी के पायदान पर बढ़ने वाली डॉ. लता वानखेड़े इन दिनों देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में अत्यधिक सक्रियता के लिए चर्चा में हैं। 4 से 11 अप्रैल तक 7 दिन वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर ताशकंद में आतंकवाद के खिलाफ प्रेजेंटेशन देकर अपनी आवाज बुलंद कर रही है।


करीब 40 साल से भाजपा से जुड़ी लता वानखेड़े न केवल क्षेत्रीय राजनीति में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करवा रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी उनकी सक्रियता बढ़ती जा रही है। उनकी पार्टी में बढ़ती भूमिका को लेकर यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वे भविष्य में पार्टी की किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभालने जा रही हैं? हाल ही में उन्हें इंटरनेशनल पार्लियामेंट्री यूनियन का सदस्य बनाकर भारत का प्रतिनिधित्व करने ताशकंद भेजा गया है जो 11 अप्रैल तक अपना प्रेजेंटेशन दे रही है।

**सबका साथ सबका विकास यही वानखेडे का मूल मंत्र:** सांसद पीआरओ विपिन दुबे के अनुसार उनकी सक्रियता का एक और उदाहरण यह है कि वे अपने संसदीय क्षेत्र के अलावा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी कई मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त करती रही हैं।

सामाजिक, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर वानखेड़े की आवाज को जिले से लेकर प्रदेश और देश स्तर पर हमेशा सुना जाता है।

डॉ. लता वानखेड़े की बढ़ती राजनीतिक सक्रियता का एक प्रमुख कारण उनके क्षेत्र के लोगों का उनसे जुड़ाव और समर्थन है। सागर लोकसभा क्षेत्र में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत है और वे अक्सर अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर काम करती रहती हैं। इसके अलावा डॉ. लता वानखेड़े को पार्टी में एक रणनीतिकार के रूप में देखा जा रहा है। उनकी कोशिश रहती है कि पार्टी की विचारधारा और दृष्टिकोण को जनता तक पहुंचाया जाए, ताकि भाजपा की विचारधारा को और भी मजबूती मिल सके। उनके लिए पार्टी का प्रत्येक सदस्य महत्वपूर्ण है, और वे कार्यकर्ता को प्रेरित करने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। क्योंकि उन्होंने नजदीक से जाना है कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड है।

## जनता से सतत संवाद और विकास ही उनकी प्राथमिकता



डॉ. लता वानखेड़े ने सागर से भाजपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा और 4 लाख 22 हजार वोटो से जीत हासिल की। उनके समर्पण और नेतृत्व क्षमता ने उन्हें पार्टी में एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित कर दिया है। सांसद बनने के बाद से ही उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दिया है और सागर के नागरिकों के बीच अपनी छवि को लगातार मजबूत किया है। हाल के महीनों में डॉ. लता वानखेड़े को पार्टी के महत्वपूर्ण मामलों में अधिक भूमिका निभाते देखा जा रहा है। उन्होंने कई पार्टी बैठकें आयोजित की हैं और सागर क्षेत्र में भाजपा की स्थिति को मजबूती से बनाए रखने के लिए कई रणनीतियाँ तैयार की हैं। इसके अलावा वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ अक्सर बातचीत करती रहती हैं और अपने अनुभवों के आधार पर वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से सलाह लेकर आगे बढ़ रही है।

## जल संगोष्ठी का आयोजन कर जल संरक्षण की ली शपथ

सागर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद खुरई की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गम्भीरिया बुजुर्ग द्वारा ग्राम गम्भीरिया बुजुर्ग में जल संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ब्लाक समन्वयक श्री धर्म द्वारा ग्राम की महिलाओं को जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया ओर कहा की घर की महिला घर के सभी दैनिक काम करती है जिससे वह जल के दुरुपयोग को रोक सकती है अतः हमें अपने घर से ही जल संरक्षण की शुरुआत करना होगी तथा हमको अपने आसपास की महिलाओं को भी जल संरक्षित करने हेतु प्रेरित करना चाहिए । जिससे गर्मियों में जल की कमी से बचा जा सके । संगोष्ठी के उपरांत उपस्थित सभी महिलाओ एवं बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अध्यक्ष बलराम दुवे, उपसरपंच केशव पाराशर मा. वि. से कृषटीना आलिव आदि मौजूद थे।

## खास-खबरें

# मिलावट करने पर महालक्ष्मी ट्रेडर्स के प्रताप आहूजा पर एफ आईआर दर्ज

सागर। मिलावट से मुक्ति अभियान एवं अन्य माफियाओं पर सागर जिले में कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा एक बड़ी कार्रवाई करते हुए महालक्ष्मी ट्रेडर्स की संचालक प्रताप आहूजा पर पुलिस कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार मिलावट के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, ज्ञात हो कि दिनांक 9 दिसंबर 2024 को सिटी मजिस्ट्रेस्ट श्रीमती जूही गर्ग के निर्देशन में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग व पुलिस द्वारा मकरोनिया स्थित फार्म महालक्ष्मी ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया था तब श्री प्रताप आहूजा के द्वारा मिर्ची, धनिया में मिलाये जाने हेतु बड़ी मात्र मे अपद्रव्य रखा पाया गया था, इसी तत्समय खाद्य विभाग द्वारा नमूने लिए जाकर विश्लेषण हेतु भेजे गए थे जो बाद जाँच अमानक पाए जाने पर कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति राय द्वारा सम्बंधित के विरुद्ध मकरोनिया थाना मे एफ आई आर दर्ज करवाई गयी जिसमें मकरोनिया पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 के तहत धारा 272, 274, 275 एवं खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत धारा 26, 27(2) एवं धारा 59 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत मिलावट को जड़ से खत्म करने के निर्देश पर कलेक्टर श्री संदीप जी आर द्वारा जिले में लगातार मिलावट खोरों, भू-माफियाओं पर कार्रवाई की जा रही है। इसी परिपेक्ष में जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अब तक की बड़ी कार्रवाई करते हुए महालक्ष्मी ट्रेडर्स मसाला फैक्ट्री को सील किया गया था। रजाखेड़ी मकरोनिया की दुर्गा नगर में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजस्व विभाग की तहसीलदार एवं पुलिस विभाग की टीम ने छापा मारा कार्रवाई करते हुए महालक्ष्मी ट्रेडर्स मसाला फैक्ट्री को शील किया गया था। बता दे कि कलेक्टर संदीप जी आर को सूचना प्राप्त हुई थी कि रजाखेड़ी मकरोनिया के दुर्गा नगर में एक मकान में मसाला फैक्ट्री के नाम पर मिलावट की जा रही थी। कलेक्टर श्री संदीप जी आर के द्वारा कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए और कार्रवाई की गई थी। सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती जूही गर्ग ने बताया कि जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रीति राय, तहसीलदार सुश्री ऋतु राय, मकरोनिया थाना प्रभारी रविंद्र सिंह चौहान मौजूद थे। उक्त परिसर का गेट बंद होने पर पुलिस द्वारा खुलवाया गया परिसर में तीन कमरे दो कोल्ड स्टोरेज यूनिट, बड़ा सा खुली जगह चद्दर की छत से युक्त जिसमें तीन बड़ी मशीन मूंगफली दाना, धनिया ग्रेडिंग एवं मिर्च पिसाई लगी हुई पाई गई थी। मौके पर एक कमरे में पिसे हुए अपद्रव्य से भारी लगभग 30 बोरी अन्य कमरे में धनिया एवं भूसा अन्य प्रकार की सूखी, डंठल, गुठली, कई बोरियों में अलग-अलग रखी हुई पाई गई। उपस्थित व्यक्ति ने स्वयं को प्रभारी बताते हुए अपना नाम आदर्श आहूजा एवं मलिक का नाम प्रताप राय आहूजा बताया गया था। कुछ समय पश्चात उक्त परिसर में मालिक प्रताप राय आहूजा उपस्थित हुए पूछने पर निवास 5 सिविल लाइन सागर बताया। पिसाई यूनिट में हेतु अपद्रव्य रख पाए गए। शंका के आधार पर अपद्रव धनिया, मिर्ची डंठल का पाउडर अन्य अपद्रव्य मूंगफली छिलका का पाउडर अन्य यूनिट के उत्पाद मिर्ची पाउडर एवं कसूरी मेथी एवं सुखी मिर्च आदि के नमूने जांच हेतु लेने की लिखित सूचना फॉर्म की सूचना देते हुए क्रय बताया गया। मूल्य भुगतान कर रसीद प्राप्त की। मौके पर लेवल लगाकर तैयार किए गए युक्त खाद्य पदार्थों को पृथक पृथक पॉलिथीन में भरकर एयर टाइट बंद कर प्रत्येक पर लेवल चस्पा कर प्रत्येक को मोटे वाउन पेपर से लपेटकर किनारे चस्पा कर पैकेट बनाए। अपद्रव धनिया, मिर्ची डंठल का पाउडर, चिली पाउडर, कसूरी मेथी अपद्रव मूंगफली के छिलके का पाउडर एवं सुखी मिर्ची पर क्रमशः अभिहित अधिकारी सागर द्वारा प्रदत्त पेपर स्लिप को नियम अनुसार चस्पा कर विक्रेता एवं गवाहों के हस्ताक्षर इस प्रकार करवाएं कि आधे पेपर स्लिप पर आधे वाउन पेपर पर आए।

# विधायक व भाजपा जिला अध्यक्ष ने वीडी शर्मा का किया स्वागत



**सागर।** अल्प प्रवास पर सागर पधारे मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के शुभंकर प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का नगर विधायक शैलेंद्र जैन के साथ किया भव्य स्वागत। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव मिश्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, मेघा दुबे, नीलम अहिरवार, नीरज यादव, नितिन सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे, विक्रम सोनी जी, पार्षद रीतेश तिवारी, विनय मिश्रा, अंशुल सिंह परिहार, श्याम नेमा, राहुल नामदेव, डां दशरथ मालवीय, चेतराम अहिरवार , गोपी पंथी, सुमित यादव, मनोज रैकवार, अभिमन्यु सोनी, दीपक दुबे, गौरव सिंह चौहान, नितिन साहू, जय सोनी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक लारिया ने भोपाल प्रवास पर विकास और संगठनात्मक विषयों पर वरिष्ठें से भेंटकर की चर्चा

सागर। विधायक लारिया ने भोपाल प्रवास के दौरान नरयावली विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति एवं प्रगति के लिए आशीष असाटी, मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय अधिकारी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एवं राणा, प्रमुख अभियंता, लोनिवि से सौजन्य भेंट की। विधायक लारिया ने मुख्य अभियंता श्री असाटी से मकरोनिया चौराहे पर फ्लाईओवर (2400 मीटर) की शीघ्र स्वीकृति प्रदान कराये जाने एवं सागर विश्वविद्यालय से ढाना तक फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति के संबंध में चर्चा की।

विधायक लारिया ने राणा, प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग से भेंटकर क्षेत्र के बटालियन - नरवानी सड़क निर्माण कार्य एवं सिटी लिंक - मकरोनिया से सिविल लाइन मार्ग के नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण की स्वीकृति प्रदान कराए जाने हेतु अनुरोध किया। *श्री राणा, प्रमुख अभियंता,



लोनिवि ने विधायक लारिया को अवगत कराया की बटालियन- नरवानी मार्ग की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस मार्ग की दो-तीन दिवस में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जाएगी। साथ ही मकरोनिया-सिविल लाइन, सिटी लिंक मार्ग के नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का आगामी विभागीय बैठक में निविदा जारी की जाएगी।

### बण्डा विकासखण्ड के गेहूं उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

# अमानक स्तर का गेहूं खरीदने पर समिति प्रबंधक और सर्वेयर को पद से हटाने के दिए निर्देश

सागर



रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है उपार्जन सरकारी नीति एवं शासन द्वारा जारी मानकों के आधार पर हो इस हेतु कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर 7 अप्रैल को सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग, उप संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, एसएलआर देवी प्रकाश चक्रवर्ती, कृषि वैज्ञानिक डॉ देवन्द्र पयासी, एफसीआई सहित नागरिक आपूर्ति निगम, राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम ने बण्डा विकासखण्ड के गेहूं उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें ओम वेयर हाउस छापरी अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति कर्रापुर, काजल वेयर हाउस सौरई में सेवा सहकारी समिति सौरई, मण्डी गोदाम एफ-4 भेडाखास में सेवा सहकारी समिति भेडाखास, मण्डी गोदाम एफ-4 बण्डा में सेवा सहकारी समिति पजनारी, एमपीडब्ल्यूएलसी भैसा आदि केन्दों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ओम वेयर हाउस छापरी कर्रापुर में समिति प्रबंधक श्री अरविन्द तिवारी एवं सर्वेयर रमाकांत दांगी द्वारा गेहूँ की खरीदी संतोषजनक पाई गई। तथापि खरीदी मात्रा में किसान कोड अंकित नहीं होने एवं अमानक खरीदी न करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। काजल वेयर हाउस सौरई में सेवा सहकारी समिति सौरई द्वारा अमानक स्तर का गेहूं खरीदी करते पाया गया जिसे तत्काल छन्ना लगाकर सफाई कर मानक स्तर पर उपार्जन करने हेतु समिति प्रबंधक सौरई को निर्देशत किया गया। साथ ही भविष्य में त्रुटि पाये जाने पर सर्वेयर को पद से पृथक करने हेतु तथा समिति को खरीदी से मुक्त करने का निर्देश दिए गए।

मण्डी गोदाम एफ-4 बण्डा में सेवा सहकारी समिति भेडाखास द्वारा अमानक स्तर का गेहूं खरीदी पाये जाने पर समति प्रबंधक वीरेन्द्र मिश्रा को खरीदी से पृथक करने एवं सर्वेयर कुलदीप अहिरवार को पद से हटाये जाने हेतु निर्देश दिए गए। इसी प्रकार मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरशन भैसा में खजुरिया स्वंय सहायता समूह द्वारा चमक विहीन अमानक स्तर की खरीदी देखी गई जिसमें तत्काल रिजेक्ट करते हुये सर्वेयर को नोटिस जारी करने हेतु निर्देश दिया गया। जबकि परिवहन से प्राप्त गेहूं में ढकरई एवं सागौनी प्राथमिक सेवा सहकारी समिति में ढकरई समिति का गेहूं अमानक पाया गया जिसकी जांच हेतु प्रबंधक, एमपीडब्ल्यूएलसी को निर्देशित किया गया।

## साठ लाख से अधिक की कीमत की शासकीय भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त



सागर कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर माफियायों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज एसडीएम अदिति यादव ने पथरिया जाट स्थित 60 लाख रुपए से अधिक की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। एसडीएम अदिती यादव ने बताया कि जनसुनवाई में शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री संदीप जी आर के द्वारा निर्देशित किया गया था कि तत्काल कार्रवाई की जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में आज तहसीलदार प्रवीण पाटीदार सहित अधिकारियों द्वारा यह कार्रवाई की गई। श्रीमती यादव ने बताया कि कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देश पर अतिक्रमण मुक्त कराकर शासकीय भूमि का बोर्ड भी लगाया गया है।

# शिकायतों का समय पर निराकरण न होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीएमओ एवं बीएमओ को कारण बताओ नोटिस

सागर



सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय पर निराकरण न होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीएमओ एवं बीएमओ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने आज प्रत्येक मंगलवार की भांति सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के हितग्राहियों को समक्ष में सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग में सहायता के सभी प्रकारों को सूचीबद्ध करें एवं उनका समय पर निराकरण करें प्रसूति सहायता के एक प्रकरण को समय पर निराकृत न करने पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी, विकासखंड मेडिकल अधिकारी डॉ सुयश सिंघइ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बड़ोदिया कलां के सीएमओ को निलंबित करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर संदीप जी आर ने आज कलेक्टर कक्ष में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्तियों को समक्ष बुलाकर सुना और मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आरती यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने प्रत्येक मंगलवार की भांति इस मंगलवार को भी जनसुनवाई के पश्चात लंबे समय से सीएम हेल्पलाइन शिकायत कर्ताओं की शिकायतों का निराकरण कराया और मौके पर निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने शिकायतकर्ताओं से विस्तार से उनकी शिकायत के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वह रेंडम रूप से शिकायतों को निकालें और शिकायतकर्ताओं से संवाद रखें। इस प्रकार से शिकायत का उचित निराकरण भी किया जा सकेगा।

### गंभीरता से करें आवेदनों का निराकरण

# दिव्यागों को प्राथमिकता पर दें संबंधित योजनाओं का लाभः कलेक्टर

सागर

मंगलवार को कलेक्टर श्री संदीप जी आर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें और प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याओं को अलग से सुना और निर्देश दिए कि दिव्यांगों से संबंधित योजनाओं, उनकी पात्रता के अनुसार उपकरण, आवास आदि सभी प्राथमिकता पर लेते हुए उन्हें लाभ दें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आरती यादव, देवेन्द्र प्रताप सिंह, एसडीएम अदिति यादव , सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। विशेष रूप से जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य कुल 154 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर संदीप जी आर ने समय सीमा बैठक में निर्देश दिए थे कि जनसुनवाई में अधिकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए हेल्थ कैंप लगाया जाए। इस मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत की गई जिसमें लोगों की मूलभूत जांचें जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड टेस्ट आदि का परीक्षण किया गया।

